प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक:-23.10.2023

यातायात व्यवस्था

दिनांक 24.10.2023 को जोधपुर महानगर में दशहरा के त्यौहार पर भगवान श्रीरामचन्द्र जी की सवारी मेहरानगढ़ फतेहपोल से रवाना होकर आडा बाजार, एकमीनार मस्जिद, कुमारिया कुआं, जालोरी गेट, शनिश्चरजी का थान, 5वीं रोड़ होते हुए 12वीं रोड़ चौराहा से रावण का चबूतरा गेट न. 01 पहुँचेगी। सूर्यास्त के समय रावण के चबूतरा पर रावण दहन कार्यक्रम के बाद भगवान श्रीरामचन्द्र जी की सवारी का रथ वापस मेहरानगढ जायेगा। इस दौरान यातायात व्यवस्था निम्न प्रकार रहेगी।

1. प्रात: 10:00 बजे से श्रीरामचन्द्र जी की सवारी निकलने तक फतेहपोल से जालोरी गेट मुख्य सड़क पर अन्य वाहनों का आवगमन बन्द रहेगा। इस दौरान आमजन साईड के मार्गो का उपयोग कर सकेगें।
2. सांय 05:00 बजे से रावण दहन तक जालोरी गेट से 12वीं रोड़ तक सामान्य यातायात बन्द रहेगा। इस दौरान सामान्य यातायात वैकल्पिक मार्गो पर डाईवर्ट किया जायेगा।
3. दोपहर 02:00 बजे से रावण दहन तक रावण का चबूतरा व बरकतुल्लाह खां स्टेडियम के चारों और **भारी वाहनों का आवागमन बन्द रहेगा-**
4. **<u>नो-पार्किग क्षेत्र</u>-रेजीडेन्सी रोड से कल्पतरू मोड, रावण का चबुतरा गेट संख्या-01, 02 व 09 जैन ट्रेवल्स के सामने, कल्पतरू सिनेमा के सामने, बाल विघामन्दिर स्कुल व कॉक्स कुटिर भवन रोड तक नो-पार्किग जोन रहेगा।**
5. **श्रीराम एक्सीलेन्सी से महावीर सर्किल, महावीर सर्किल से लायन्स क्लब रोड भी नो-पार्किग जोन रहेगीं।**

<u>वाहन पार्किंग स्थल-</u>

इस समारोह में शहर के विभिन्न स्थानों से आने वाले दर्शक निम्न पार्किग स्थलों पर अपने दुपहिया एवं चार पहिया वाहनों की पार्किग कर सकेंगे।

- रेजीडेन्सी रोड़ पर जलजोग चौराहा से श्रीराम एक्सीलेन्सी चौराहा तक सड़क के दोनों तरफ।
- बोम्बे मोटर चौराहा से बारहवीं रोड़ चौराहा के बीच सड़क के दोनों तरफ।
- पाल रोड़ पर पुरानी मसूरिया पुलिस चौकी से दल्ले खां की चक्की तक।
- रेजीडेन्सी रोड़ से चिल्ड्रर्न पार्क सरदारपुरा बी रोड़ तक।
- रावण का चबूतरा व बरकतुल्लाह खां स्टेडियम की पूर्वी सड़क (कल्पतरू कॉम्पलेक्स) पर किसी प्रकार के वाहनों की पार्किग सुविधा नहीं होगी।

1- दल्ले खॉ की चक्की से बाहरवीं रोड से रेजीडेन्सी रोड पर, जलजोग चौराहा, बोम्बे मोटर्स चौराहा से बाहरवी रोड, पॉचवी रोड से बाहरवी रोड तक अन्य यातायात के वाहन और सिटीबस एंव रोडवेज डाईवर्टेड रहेगें।
2- बरकततुल्ला खॉ स्टेडियम एवं रावण का चबुतरा की तरफ मेले की निर्धारित पार्किंग स्थानों तक वह वाहन आये जिनको मेले में भाग लेना है। अन्य वाहन वैकल्पिक मार्गो का प्रयोग करते हुए पास के रास्तों का प्रयोग करेगें।
3- आपात कालीन सेवाओं में लगे वाहन एम्बूलेन्स, अग्निशमन के लिए सभी रास्ते खुले रहेगें।

यातायात पुलिस द्वारा उपरोक्त यातायात व्यवस्था बनाये रखने में आमजन से सहयोग की अपील की जाती है।

(राजेश कुमार कांवत)
पुलिस उपायुक्त
यातायात जोधपुर